PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शनिवार 25 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

TET Paper Leak: शिकंजे में महाराष्ट्र TET पेपर लीक का मुख्य आरोपी, बिहार से दबोचा गया बिजेंद्र कुमार गुप्ता

महाराष्ट्र के चर्चित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों ने मुख्य आरोपियों में शामिल वीरेंद्र कुमार गुप्ता को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश के लिए महाराष्ट्र पुलिस की विशेष टीम लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही थी। महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी बिजेंद्र कुमार गुप्ता को भिवंडी पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। मामले में भिवंडी पुलिस ने बताया कि उसे पुणे एयरपोर्ट लाया गया है, जहां से उसे पुणे ले जाया जाएगा। पुलिस उसे जल्द ही अदालत में पेश करेगी और उसकी रिमांड लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। जांच एजेंसियों का मानना है कि वीरेंद्र कुमार गुप्ता से पूछताछ के दौरान पेपर लीक नेटवर्क, इसमें शामिल अन्य आरोपियों, आर्थिक लेन-देन और पूरी साजिश से जुड़े कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

कई राज्यों में लगातार चलाया गया तलाशी अभियान

पुलिस के अनुसार, वीरेंद्र कुमार गुप्ता कई महीनों से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था। उसकी तलाश में बिहार समेत कई राज्यों में लगातार अभियान चलाए जा रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी से मामले की जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है और पेपर लीक रैकेट से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचना आसान हो सकता है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस मामले में इससे पहले वीरेंद्र कुमार गुप्ता की पत्नी सहित कई अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

एनटीए कौन-कौन सी परीक्षाएं कराता है?

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी देश की सबसे बड़ी परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों में से एक है। यह हर साल 15 से 20 राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश और पात्रता परीक्षाएं आयोजित करती है। इनमें NEET-UG, JEE Main, CUET-UG, CUET-PG, UGC-NET, CSIR-UGC NET, CMAT, GPAT, AIAPGET, JIPMAT, NCET, AISSEE, NCHM JEE, NSSNET, SHRESHTA, SWAYAM समेत कई अन्य परीक्षाएं शामिल हैं। इन परीक्षाओं के माध्यम से मेडिकल, इंजीनियरिंग, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, प्रबंधन, फार्मेसी, शिक्षक शिक्षा और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश तथा पात्रता तय की जाती है।

कई पेपर लीक मामले में भी शामिल है आरोपी

वीरेंद्र कुमार गुप्ता का नाम इससे पहले भी देश के कई चर्चित पेपर लीक मामलों में सामने आ चुका है। वर्ष 2024 में नीट पेपर लीक विवाद के दौरान एक मीडिया स्टिंग ऑपरेशन में उसने कथित तौर पर पेपर लीक सिंडिकेट के काम करने के तरीके और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सुरक्षा व्यवस्था में संभावित कमजोरियों को लेकर कई दावे किए थे। हालांकि, उन दावों की अलग से जांच की गई थी और उनका अंतिम निष्कर्ष संबंधित जांच एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में रहा। भिवंडी पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर इस मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामले की परतें खुलेंगी और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

एनटीए के 47 अफसर बर्खास्त

वहीं, केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए पर बड़ी कार्रवाई की है। एनटीए के 47 अफसरों को बर्खास्त कर दिया। कुछ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी है। ये एनटीए पर सरकार की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों का कहना है कि एनटीए का पूरा कायाकल्प किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा सकता है। परीक्षा केंद्रों के चयन और उनकी निगरानी के नियमों में बदलाव हो सकता है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और वितरण प्रक्रिया को और सख्त बनाया जा सकता है। एनटीए की जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए प्रावधान किए जा सकते हैं। परीक्षा प्रक्रिया की नियमित समीक्षा और निगरानी के लिए नई व्यवस्था लागू की जा सकती है।

एनटीए में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

इसी बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) 47 अधिकारियों को हटाने के पहले ही इस हफ्ते जनरल मैनेजर के लेवल पर सीनियर प्रोफेशनल पदों के लिए विज्ञापन जारी कर दिए थे। साथ ही, यूपीएससी के प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिये 16 युवा पेशेवरों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

Odisha: भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा रथ यात्रा के दौरान कई लोग बीमार; 105 लोग पहुंचे अस्पताल, एक श्रद्धालु की मौत

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा (वापसी रथ यात्रा) के दौरान शुक्रवार को एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, रथ खींचते समय दम घुटने और तबीयत बिगड़ने से 57 वर्षीय श्रद्धालु अभिराम दास की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल की रथ यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा रथ यात्रा के दौरान 105 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए पहुंचाया गया। इसी दौरान कटक के रहने वाले 54 वर्षीय अभिराम दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, उनकी तबीयत हाई ब्लड प्रेशर की वजह से बिगड़ी थी। स्वास्थ्य सेवा के निदेशक डॉ. महेश मोहन पांडा के अनुसार लगभग सभी लोगों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है केवल कुछ ही लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है।

100 लोग अस्पताल में कराए गए भर्ती

उन्होंने बताया कि बहुड़ा यात्रा के दौरान करीब 100 लोगों को घबराहट और बेचैनी की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। इनमें से ज्यादातर लोगों को प्राथमिक उपचार और कुछ देर आराम के बाद घर भेज दिया गया। सात लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है और उनकी हालत अब स्थिर है। पुलिस के अनुसार, रथ के पास भगदड़ जैसी स्थिति नहीं थी, लेकिन पुरी में मौसम काफी गर्म और उमस भरा था। शाम के समय शहर में नमी 85 से 90 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हुई।

मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तीनों मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इस बीच विपक्षी बीजद ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचने के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बनी थी। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

बीजद नेता ने न्यायिक जांच की मांग की

बीजद के वरिष्ठ नेता संजय दास बर्मा ने रथ यात्रा के दौरान हुई कथित अव्यवस्था की न्यायिक जांच की मांग की। उनका आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में कमी के कारण तीन लोगों की मौत हुई और 102 श्रद्धालु घायल हुए। उन्होंने दावा किया कि इनमें 24 लोगों की हालत गंभीर है और वे ट्रॉमा केयर यूनिट में भर्ती हैं। बीजद ने मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा देने और गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज के लिए भुवनेश्वर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्थानांतरित करने की भी मांग की। इससे पहले 16 जुलाई को रथ यात्रा के दौरान दो लोगों की मौत हुई थी। इनमें एक श्रद्धालु की कथित तौर पर दम घुटने से और दूसरे की हृदय गति रुकने से जान गई थी।

Aligarh News: अलीगढ़-दिल्ली मार्ग पर ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के बीच अलीगढ़ से दिल्ली जाने वाली सभी आठ ईएमयू पैसेंजर ट्रेनें चार दिनों से निरस्त चल रही हैं। इससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है। मजबूरी में लोग एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रा कर रहे हैं। शनिवार को ये ट्रेनें निरस्त रहेंगी। रेलवे ने शुक्रवार को अलीगढ़ से दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या 64168 आगरा-गाजियाबाद ईएमयू, 64151 अलीगढ़-दिल्ली मेमू, 64107 दनकौर-दिल्ली ईएमयू, 64585 हाथरस किला-हाथरस जंक्शन मेमू, 64102 दिल्ली-अलीगढ़ मेमू और 64113 खुर्जा-गाजियाबाद ईएमयू समेत दस ईएमयू व मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विशेषकर छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा व कारोबार के सिलसिले में देश की राजधानी दिल्ली जाने वाले कारोबारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, पैसेंजर ट्रेनों के निरस्त रहने से एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रोडवेज बसों से भी यात्री सफर तय कर रहे हैं। ट्रेनों के निरस्त रहने से दाउद खां, मडराक, महरावल, कुलवा, सोमना आदि रेलवे स्टेशनों से सफर तय करने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि साहिबाबाद में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर जाने से परिचालन दबाव के कारण ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है।

Health Caution: बिना मंजूरी भारत में बिक रहे विदेशी फेस क्रीम और लिपस्टिक, अलर्ट जारी

- बिना मंजूरी भारत में बिक रहे विदेशी फेस क्रीम और लिपस्टिक, अलर्ट जारी
- केंद्र ने राज्यों और बंदरगाह अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने के दिए निर्देश

अगर आप विदेश से आयातित फेस क्रीम, फेस वॉश, सीरम, सनस्क्रीन, लिपस्टिक, परफ्यूम, शैंपू या अन्य कॉस्मेटिक उत्पाद खरीदते हैं, तो अब अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने पाया है कि कुछ विदेशी कॉस्मेटिक उत्पाद जरूरी आयात पंजीकरण के बिना ही भारतीय बाजार में बेचे जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पूरे देश में ऐसे उत्पादों की बिक्री और आयात पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं। सभी राज्यों के औषधि नियंत्रकों, बंदरगाह (पोर्ट) अधिकारियों को निर्देश मिला है कि बिना वैध आयात पंजीकरण वाले विदेशी कॉस्मेटिक उत्पादों की पहचान कर उनके आयात और बिक्री पर नजर रखें और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। यह कार्रवाई सभी आयातित कॉस्मेटिक उत्पादों पर लागू होगी। इनमें फेस क्रीम, मॉइश्चराइजर, फेस वॉश, सीरम, सनस्क्रीन, लिपस्टिक, परफ्यूम, डियोड्रेंट, शैंपू, हेयर कलर, हेयर सीरम, नेल पॉलिश शामिल हैं।

इंपोर्टेड लिखा होना वैधता की गारंटी नहीं

विशेषज्ञों का कहना है कि केवल किसी उत्पाद पर इम्पोर्टेड लिखा होना उसकी वैधता की गारंटी नहीं है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे विदेशी कॉस्मेटिक उत्पाद केवल वैध विक्रेताओं से खरीदें और खरीदने से पहले पैकेजिंग पर निर्माता, आयातक और अन्य जरूरी विवरण जरूर जांच लें। कॉस्मेटिक्स रूल्स, 2020 के तहत किसी भी विदेशी कॉस्मेटिक उत्पाद को भारत में आयात या बिक्री के लिए पहले सीडीएससीओ से आयात पंजीकरण प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है।

Aligarh News: कंगाल कहकर अपमानित करती थी पत्नी, पति ने जहर खाकर दी जान

पत्नी और उसके मायके वालों द्वारा लगातार आर्थिक स्थिति का मजाक उड़ाने और कंगाल-कंगाल कहकर चिड़ाने से आहत शुभम (33) ने बृहस्पतिवार को को जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को मृतक की मां बीना देवी की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी करीना सहित मायके पक्ष के नौ लोगों पर केस दर्ज किया है। थाना बन्ना देवी क्षेत्र के मोहल्ला चूहरपुर में रहने वाले शुभम की शादी 2024 में अलीगढ़ के ही मोहल्ला सराय मान सिंह में रहने वाली करीना से हुई थी। शुभम के चाचा तहसील कोल में अधिवक्ता हैं और शुभम का छोटा भाई तहसील में ही मुंशी का काम करता है। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी करीना और उसके मायके वालों का व्यवहार शुभम के प्रति बेहद अपमानजनक था। शुभम एक कारखाने में नौकरी करता था। आरोप है कि पत्नी करीना शुभम पर दबाव डालती थी कि उसके भाइयों को रोजगार करने के लिए पैसा दे। इसी के चलते शुभम ने एक बार तीन लाख रुपये भी दे दिए थे। इसके बाद भी पैसों की मांग नहीं रुकी। करीना शुभम की सहमति के बिना नोएडा जाकर नौकरी करने लगी। पत्नी को घर लाने के लिए शुभम ने कई बार प्रयास किए लेकिन पत्नी घर नहीं आई। 22 जुलाई को पता चला कि करीना अलीगढ़ में अपने मायके में है। शुभम उसको मनाकर घर लाने के लिए सराय मानसिंह पहुंचा। आरोप है कि यहां पर शुभम को अपमानित किया गया और उसके साथ मारपीट भी की गई। इस कारण शुभम अत्यधिक तनाव में आ गया। 23 जुलाई की सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। सीओ द्वितीय धनंजय कुमार के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। मृतक की माता बीना देवी की तहरीर पर थाना बन्नादेवी में पत्नी करीना, ससुर जगदीश, जितेंद्र, राजू, प्रेमलता, मिथिलेश, फूलवती उर्फ रजनी, सचिन और विनय के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, उत्पीड़न करने आदि के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है।

पत्नी को घर लाने के लिए न्यायालय की शरण ली थी

शुभम ने पत्नी को घर लाने के लिए अदालत में सेक्शन 9 के तहत केस भी किया था। इसकी सुनवाई चल रही थी। अदालत के साथ ही शुभम के प्रयास भी जारी थे कि पत्नी किसी तरह घर आ जाए और सब कुछ ठीक हो जाए लेकिन परिस्थितियां और उलझती चली गईं और शुभम ने जहर खाकर जान दे दी।

Aligarh News: जनसुनवाई पर अफसरशाही भारी.. दो बजे तक खाली रहीं कुर्सियां

नगर निगम के नगर आयुक्त कार्यालय में रोज की तरह सुबह 10 बजे से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचने लगे थे। 10-12 फरियादी अपनी फरियाद लेकर कुर्सियों पर अधिकारियों व कर्मचारियों के आने का इंतजार कर रहे थे लेकिन, दोपहर दो बजे तक नगर आयुक्त कार्यालय में नहीं पहुंचे। पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि साहब अभी आए नहीं हैं। इस पर शिकायतकर्ता मायूस होकर लौट गए। जनसुनवाई में शुक्रवार को कई फरियादी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए। इस दौरान कोई बरसात में तालाब बनी सड़क से जलभराव हो जाने पर निजात दिलाने की मांग लेकर पहुंचा था तो कोई अपने मोहल्ले की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाता नजर आया। कोई टूटी सड़क, स्ट्रीट लाइट और पेयजल आपूर्ति की समस्या लेकर वहां पहुंचा था। अधिकांश लोग गृहकर व जलकर का अधिक बिल आने की शिकायत लेकर अपनी सुनवाई के इंतजार में भटकते नजर आए। जैसे-जैसे घड़ी की सुई आगे बढ़ती गई फरियादी की निगाहें नगर आयुक्त के कार्यालय की ओर ही टिकी रहीं। स्वर्ण जयंती नगर रामघाट रोड के ओंकार सिंह, रविंद्र कुमार, वीरम सिंह, जय सक्सेना, वीरेश कुमार, मुनेंद्र शर्मा आदि बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राज्य कर्मचारी कॉलोनी के सामने वाली गली में मुख्य सड़क का पानी भर जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। अवर लेडी फातिमा स्कूल के सामने से बाईपास रोड तक सीएनडीएस योजना के तहत सड़क ऊंची बनाए जाने के बाद आसपास की नालियों का पानी राज्य कर्मचारी कॉलोनी के सामने वाली गली और सड़क पर भरने लगा है। बरसात के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव हो सकता है उनका तत्काल निस्तारण कराया जाता है। अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर तय समय सीमा में समाधान कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते हैं।

क्वार्सी बाइपास स्थित कयामपुर के महेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सरबती देवी आदि नागरिक इलाके में बन रही सड़क के निर्माण में ठेकेदार द्वारा जानबूझकर की जा रही देरी से राहगीरों को हो रही परेशानी की शिकायत लेकर पहुंचे थे। मानिक चौक के घनश्याम सिंह दुकान पर वाटर टैक्स भेजने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। बोले, दुकान पर कोई टंकी नहीं है, फिर भी नगर निगम ने 2400 रुपये का बिल भेज दिया है। इसके लिए पिछले कई दिनों से कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। अधिकांश लोग सफाई, सीवर, जलभराव, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। - नगर निगम के सभी कार्यालयों में रोजाना सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाता है।

UP: हाथ, पैर और सिर तक हुए अलग, पेड़ों पर लटके मिले कई अंग;

'मौत' की पटाखा फैक्टरी में धमाके की पूरी कहानी

सहारनपुर में पटाखा फैक्टरी में धमाका हो गया। धमाके में दो ठेकेदारों की मौत हो गई, जबकि दो मजदूर लापता हैं। बारूद का मिश्रण बना रहे ठेकेदार दीपराज व संदीप निवासी गांव बांझड थाना ढोढवा जिला खरगोन एमपी के चीथड़े उड़ गए। हाथ, पैर और सिर तक अलग हो गए।यूपी के सहारनपुर के गंगोह-बिड़ौली मार्ग पर कुंडाबसी गांव में स्थित पटाखा फैक्टरी में शुक्रवार की शाम हुए भीषण विस्फोट में ठेकेदार दीपराज (23) और संदीप (25) की मौत हो गई। फैक्टरी में काम कर रहे दो मजदूर लापता हैं। धमाके की आवाज करीब पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। फैक्टरी का मलबा और शवों के अवशेष लगभग 600 मीटर दूर तक बिखरे मिले। डीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।जानकारी के अनुसार, फैक्टरी के एक हिस्से में विस्फोट शाम करीब 4:30 बजे हुआ। उस समय आतिशबाजी के लिए बारूद का मिश्रण बनाया जा रहा था। दूसरी तरफ करीब 20 मजदूर काम कर रहे थे।

विस्फोट होते ही मजदूरों में भगदड़ मच गई। बारूद का मिश्रण बना रहे ठेकेदार दीपराज व संदीप निवासी गांव बांझड थाना ढोढवा जिला खरगोन एमपी के चीथड़े उड़ गए। हाथ, पैर और सिर तक अलग हो गए। कुछ अंग आसपास के पेड़ों पर लटके मिले। पुलिस टीम ने अंगों को इकट्ठा कराया। खरगोन के अकाश और खंडवा के राहुल लापता बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि हादसे के समय आकाश और राहुल भी मौजूद थे लेकिन उनका पता नहीं चल रहा है। मौके पर पहुंचे डीएम अरविंद कुमार चौहान, एसएसपी अभिनंदन सिंह और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने विस्फोट की वजहों की जानकारी ली।गाजियाबाद के हसन पांच साल से इस जगह पर फैक्टरी चला रहे हैं। उनके पास साल 2028 तक का पटाखे बनाने का लाइसेंस है। फैक्टरी आबादी से करीब 300 मीटर दूर है। देर रात तक फैक्टरी मालिक मौके पर नहीं पहुंचे थे।

पटाखा फैक्टरी में मुनाफे की दौड़ में दांव पर जिंदगियां

पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से मौत के बाद फिर से मानकों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मुनाफे की दौड़ में जिंदगियों को दांव पर लगाया जा रहा है। फैक्टरियों को लाइसेंस देते समय मानकों का पालन नहीं करने और बाद में भी जांच में बरती जाने वाली लापरवाही ऐसे हादसों के लिए जिम्मेदार है।गंगोह के कुंडाबसी गांव में हुआ हादसा पहला नहीं है। इसी तरह जिले में पहले भी कई बार पटाखा फैक्टरियों में हादसे हो चुके हैं, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। गंगोह, सरसावा, देवबंद, बिहारीगढ़ और महानगर में चिलकाना रोड, बेहट रोड, मोहल्ला आतिशबाजान में कई बार अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्टरी पकड़ी जा चुकी हैं। इसके बावजूद चोरी-छिपे कई इलाकों में अब भी फैक्टरियां संचालित हो रही है। उधर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह का कहना है कि विभाग की ओर से चेकिंग अभियान चलता रहता है, जो फैक्टरियां लाइसेंसी है, वहां पर सभी मानक पूरे कराए जाते हैं।

फुलझड़ी की चमक के पीछे बारूद का खेल

चौसाना से सटे कुंडाबसी गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के बाद शामली में भी पटाखा निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले में फुलझड़ी बनाने के लिए 24 लाइसेंस जारी हैं, लेकिन आरोप है कि कई स्थानों पर फुलझड़ी की आड़ में प्रतिबंधित पटाखों का निर्माण किया जा रहा है। जिले में फुलझड़ी बनाने के लाइसेंस कांधला में सात, थानाभवन में 12 और गढ़ीपुख्ता में चार हैं। इसके अलावा अन्य लाइसेंस मिलाकर कुल 24 लाइसेंस है। एनसीआर में शामिल होने के कारण पटाखों पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद जिले में 40 से अधिक स्थानों पर अवैध रूप से पटाखे बनाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

उधर, जिलाधिकारी आलोक यादव ने कहा कि जिलेभर में अवैध पटाखा फैक्ट्रियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। अवैध रूप से पटाखा निर्माण किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

Delhi: आज और कल रात 8 बजे बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें

जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के कारण फैसला

सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली में शराब की दुकानों को वीकेंड खत्म होने तक रात 8 बजे तक बंद करने का आदेश दिया गया है।दिल्ली में आज और कल शराब की दुकानें रात 8 बजे बंद हो जाएंगी। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली में शराब की दुकानों को वीकेंड खत्म होने तक रात 8 बजे तक बंद करने का आदेश दिया गया है। गुरुवार को बिना किसी पूर्व सूचना के दुकानें जल्दी बंद कर दी गईं, जिससे कई लोगों को निराशा हुई और उन्हें बिना शराब खरीदे ही लौटना पड़ा। आम तौर पर शहर में शराब की दुकानें रात 10 बजे बंद होती हैं।दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब वीकेंड तक दुकानें रात 8 बजे तक बंद हो जाएंगी। यह फैसला जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के कारण बनी स्थिति को लेकर पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर लिया गया है। पिछले कुछ दिनों में NEET परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर सेंट्रल दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के बैनर तले इकट्ठा हुए छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उन पर पेपर लीक मामले की जिम्मेदारी है, जिसके कारण कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी।20 जुलाई को CJP की ओर से आयोजित 'संसद मार्च' हिंसक हो गया, जिसमें कई प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह कदम एहतियातन उठाया गया है।

UP: बहराइच में सीमा पार कराने वाले मॉड्यूल का खुलासा

ऐसे करते थे डीलिंग; यात्रियों से वसूलते मोटा मुनाफा

बहराइच में भारत-नेपाल सीमा पार कराने वाले नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपी यात्रियों की पहचान, यात्रा का उद्देश्य और दस्तावेज जांचकर जोखिम के अनुसार रकम तय करते थे। पुलिस उनकी संपत्तियों, बैंक खातों और आय के स्रोतों की जांच कर रही है। वांछित आरोपी विक्रमजीत सिंह को ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाया जाएगा।भारत-नेपाल सीमा पर सक्रिय सीमा पार कराने वाले नेटवर्क की जांच में सुरक्षा एजेंसियों को कई अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ में पता चला है कि गिरोह पहले यात्रियों से बातचीत कर उनकी पहचान, यात्रा का उद्देश्य और दस्तावेजों की स्थिति समझता था। इसके बाद जोखिम और परिस्थितियों के आधार पर सीमा पार कराने की रकम तय की जाती थी। एजेंसियां अब इस पूरे मॉड्यूल की विस्तार से जांच कर रही हैं।जांच में गिरफ्तार तीनों स्थानीय आरोपियों की भूमिका भी सामने आई है। इनोवा चालक राहुल कुमार रुपईडीहा के केवलपुर गांव का निवासी है, जबकि उसके सहयोगी सुरेश कुमार पाठक और दिलीप महानंद पुरवा का रहने वाला है। तीनों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों और उनके संपर्कों की जानकारी जुटाई जा सके।

कार्रवाई का दायरा और बढ़ाया जा सकता

सुरक्षा एजेंसियों को शुरुआती जांच में यह भी पता चला है कि पिछले कुछ वर्षों में तीनों आरोपियों ने जमीन, मकान और अन्य माध्यमों से उल्लेखनीय संपत्ति अर्जित की है। अब पुलिस उनके आय के स्रोत, बैंक खातों और संपत्तियों की वैधता की भी जांच कर रही है। यदि आय से अधिक संपत्ति या संदिग्ध लेन-देन के प्रमाण मिलते हैं तो कानूनी कार्रवाई का दायरा और बढ़ाया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस को अवगत करा दिया गया था। शुक्रवार सुबह पंजाब पुलिस की टीम रुपईडीहा पहुंची और कानूनी प्रक्रिया में शामिल रही। ट्रांजिट रिमांड की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद वांछित आरोपी विक्रमजीत सिंह को पंजाब ले जाया जाएगा।

देश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार:

29 जुलाई तक कई राज्यों में झमाझम के आसार; लेकिन अल नीनो अब भी बना बड़ी चुनौती

देश में मानसून की सक्रियता बढ़ने से बारिश की कमी घटकर 17 प्रतिशत रह गई है। 24 से 29 जुलाई के बीच कई मौसम प्रणालियों के सक्रिय रहने से राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है।देश में मानसून की सक्रियता बढ़ने से बारिश की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 16 से 22 जुलाई के दौरान देश में लगभग सामान्य बारिश दर्ज की गई, जिससे 1 जून से शुरू हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन में वर्षा की कुल कमी घटकर 17 प्रतिशत रह गई है। हालांकि, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो के लगातार मजबूत होने से मानसून के शेष सीजन को लेकर चिंता बरकरार है।

देश के किन हिस्सों में कितनी बारिश हुई?

आईएमडी के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम, मध्य तथा पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में वर्षा सामान्य के आसपास रही, जबकि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में सामान्य से 26 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। 1 जून से 23 जुलाई तक देश में सामान्य 370.9 मिलीमीटर के मुकाबले 306.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इस तरह मानसून सीजन में अब भी 17 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है। क्षेत्रवार देखें तो पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है, जहां अब तक सामान्य से 32 प्रतिशत कम बारिश हुई है। दक्षिण भारत में यह कमी 26 प्रतिशत है। इसके मुकाबले उत्तर-पश्चिम भारत में 10 प्रतिशत और मध्य भारत में केवल 6 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है।

किन राज्यों में सामान्य से ज्यादा और कितनी कम बारिश हुई?

लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। वहीं पंजाब, हरियाणा, गुजरात, गोवा, बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में सामान्य से 20 से 58 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है।

अल नीनो को लेकर मौसम विभाग की चिंता क्यों बढ़ी हुई है?

आईएमडी के अनुसार, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है और अल नीनो लगातार मजबूत हो रहा है। मौसम संबंधी विभिन्न मॉडल इसके आगे और प्रभावी होने के संकेत दे रहे हैं। अल नीनो का असर आमतौर पर भारतीय मानसून को कमजोर करने और बारिश के क्षेत्रीय वितरण में असंतुलन पैदा करने के रूप में देखा जाता है। इसलिए मानसून के बाकी सीजन में इसकी स्थिति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

24 से 29 जुलाई के बीच मौसम का मिजाज कैसा रहेगा?

24 से 29 जुलाई के दौरान देशभर में एक साथ कई मौसम प्रणालियां सक्रिय रहने का अनुमान है। इसके कारण पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्व राजस्थान, गुजरात, उत्तर कोंकण और उत्तर मध्य महाराष्ट्र में भारी से बहुत भारी तथा कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के साथ-साथ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में भी व्यापक वर्षा होने का अनुमान है।

गुजरात में बारिश ने कितनी तबाही मचाई?

गुजरात में पिछले तीन दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण 38 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा 352 से अधिक लोगों का सुरक्षित बचाव किया गया है। राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों गांवों का संपर्क बाकी क्षेत्रों से टूट गया है।

असम में बाढ़ की स्थिति कितनी गंभीर है?

असम में लगातार बारिश और बाढ़ के कारण मृतकों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। राज्य में सात लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है

जम्मू-कश्मीर में यात्रा व्यवस्था पर क्या असर पड़ा है?

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा बालटाल मार्ग से फिर शुरू कर दी गई है। हालांकि, भूस्खलन के कारण श्री मचैल माता यात्रा फिलहाल बंद है। वहीं वैष्णो देवी यात्रा भी शनिवार से दोबारा बहाल किए जाने की तैयारी की जा रही है।

CJP Protest: मंच की लोकेशन अटपटी

वक्ता-श्रोता में सीधा संवाद नहीं, CP तक फैलाव; भीड़ प्रबंधन की खामियां

जंतर मंतर के साथ टॉलस्टाय मार्ग, संसद मार्ग, जनपथ के साथ कनॉट प्लेस तक प्रदर्शनकारियों की भीड़ है। नेतृत्व की तरफ से सीधा-सपाट और एक सा संदेश न मिलने से प्रदर्शनकारी अपने हिसाब से इन सड़कों पर दिन भर प्रदर्शन, नारेबाजी करते दिखते हैं। कई बार यह पुलिस के साथ कहासुनी व झड़प की वजह भी बनी है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन में मंच की लोकेशन अटपटी होने से भीड़ प्रबंधन लचर दिख रहा है। जंतर मंतर रोड के छोटे से हिस्से में प्रदर्शन की इजाजत मिलने और मंच की फेंसिंग कनॉट प्लेस की तरफ होने से प्रदर्शनकारी इससे जुड़ी सभी सड़कों पर फैले हुए हैं। जंतर मंतर के साथ टॉलस्टाय मार्ग, संसद मार्ग, जनपथ के साथ कनॉट प्लेस तक प्रदर्शनकारियों की भीड़ है। इससे आंदोलन का मुख्य मंच अपने साथ सभी लोगों को बांधने में नाकाम साबित हो रहा है।

US: ट्रंप ने न्यूक्लियर डील के बदले रखी अब्राहम समझौते की शर्त, सऊदी पर क्यों दबाव बना रहे अमेरिकी राष्ट्रपति?

US: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नागरिक परमाणु समझौते के लिए सऊदी अरब के सामने अब्राहम समझौते में शामिल होने की शर्त रखी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का खतरा अब पहले जैसा नहीं रहा। जानिए इस समझौते से जुड़ी पूरी कहानी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर कहा कि नागरिक परमाणु समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सऊदी अरब को अब्राहम समझौते में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि यह शर्त पूरी करना जरूरी है। ट्रंप ने कहा कि अब रियाद के पास ईरान जैसी क्षेत्रीय ताकत के दबदबे का खतरा नहीं है, इसलिए अब पीछे हटने की कोई वजह नहीं है।

अब्राहम समझौता क्या है?

अब्राहम समझौते साल 2020 में अमेरिका की पहल पर हुए कई कूटनीतिक समझौतों का समूह है। इसके तहत इस्राइल और कई अरब देशों के बीच औपचारिक राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध स्थापित हुए थे। इनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, मोरक्को और सूडान शामिल हैं।

अमेरिकी परमाणु क्षेत्र में नए विकास पर अपने संबोधन में ट्रंप ने प्रस्तावित ऊर्जा साझेदारी के केंद्र में अब्राहम समझौते को रखा। उन्होंने कहा कि इस्राइल के साथ क्षेत्रीय संबंध सामान्य करने वाले इस समझौते में शामिल होना 'पश्चिम एशिया के भविष्य के लिए बहुत अहम' है।

ट्रंप ने कहा, इसे पूरा करने के लिए उन्हें अब्राहम समझौते का सदस्य बनना होगा। अब समय आ गया है कि वे ऐसा करें। उन्होंने कहा, वे और अन्य देश ऐसा नहीं करना चाहते थे क्योंकि उन्हें ईरान से समस्या थी। अब वह समस्या नहीं है। अब वहां कोई बड़ी ताकत नहीं है। वे पश्चिम एशिया के दबंग थे। अब वे इतने बड़े दबंग नहीं रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, किसी न किसी समय वे इसमें शामिल होंगे।

ट्रंप ने एक दिन पहले ट्रुथ सोशल पर कहा था कि ऊर्जा समझौता केवल गैर-सैन्य परमाणु इस्तेमाल तक सीमित रहेगा और सऊदी अरब में घरेलू स्तर पर यूरेनियम संवर्धन की अनुमति नहीं होगी। ट्रंप ने गुरुवार को लिखा था, नागरिक परमाणु समझौते को मंजूरी दी जाएगी। लेकिन यह पूरी तरह से सऊदी अरब के अब्राहम समझौते में शामिल होने पर निर्भर है। अमेरिका नागरिक (बिना संवर्धित) परमाणु सुविधाओं का विरोध नहीं करता।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में चर्चा किए गए पुराने समझौतों के विपरीत, मौजूदा मसौदे में सऊदी अरब को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अतिरिक्त प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। यह प्रोटोकॉल निरीक्षकों को बिना पहले सूचना दिए उन जगहों तक पहुंच देता है, जिन्हें घोषित नहीं किया गया है। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह समझौता पूरी तरह अमेरिकी परमाणु ऊर्जा कानून का पालन करता है और इसमें परमाणु प्रसार रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

सऊदी अधिकारियों ने भी कहा है कि यह समझौता देश में ऊर्जा के स्रोतों को अलग-अलग करने की योजना को तेज करेगा और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को बनाए रखेगा। यह द्विपक्षीय समझौता '123 समझौते' के रूप में तैयार किया गया है। इसका मकसद अमेरिका की तकनीक से सऊदी अरब में एपी1000 परमाणु रिएक्टरों के निर्माण का रास्ता तैयार करना है।

तीन साल के लिए एच-1बी वीजा पर रोक का प्रस्ताव

अमेरिका के एक रिपब्लिकन सांसद ने नया विधेयक पेश किया है, जिसमें तीन साल के लिए नए एच-1बी वीजा जारी करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस प्रस्ताव में पात्रता के नियमों को सख्त करने और विदेशी कर्मचारियों व छात्रों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने की बात कही गई है।

सांसद का कहना है कि मौजूदा एच-1बी वीजा कार्यक्रम अपने मूल उद्देश्य से काफी दूर चला गया है और अब यह अमेरिकी कर्मचारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रहा है।

मोंटाना से रिपब्लिकन सांसद टिम शीही ने गुरुवार को 'एच-1बी वीजा दुरुपयोग खत्म करो अधिनियम, 2026' पेश किया। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य उन कमियों को दूर करना है, जिनकी वजह से कुशल कर्मचारियों के लिए बने वीजा कार्यक्रम का बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम 'मेहनती अमेरिकियों को पहली प्राथमिकता देने' के लिए उठाया गया है।

शीही ने कहा, एच-1बी कार्यक्रम की शुरुआत विशेष और कठिन पदों के लिए कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए की गई थी, न कि सस्ते विदेशी श्रमिकों के जरिये योग्य और मेहनती अमेरिकियों की जगह लेने के लिए। जब हमारे पास देश में ही प्रतिभाशाली लोग मौजूद हैं, तो ऐसे काम के परमिट जारी नहीं करने चाहिए, जिनसे अमेरिकी कर्मचारियों को नुकसान पहुंचे।

इन दोनों मुद्दों को जोड़कर ट्रंप ने नागरिक ऊर्जा साझेदारी को पश्चिम एशिया की कूटनीति में लंबे समय से चले आ रहे विवाद के साथ जोड़ दिया है।

दूसरी ओर, सऊदी अरब लगातार कहता रहा है कि इस्राइल को औपचारिक रूप से मान्यता देने का फैसला एक स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए स्पष्ट और भरोसेमंद रास्ते पर निर्भर करेगा। वाशिंगटन और रियाद के बीच नागरिक परमाणु समझौते को लेकर बातचीत कई अमेरिकी सरकारों के दौरान चलती रही है। हालांकि, पहले की कोशिशें परमाणु प्रसार रोकने से जुड़ी शर्तों को लेकर अटक गई थीं। ट्रंप की यह स्पष्ट शर्त अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और सऊदी ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान के बीच हुए अहम नागरिक परमाणु ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर के बाद आई है। इस समझौते को अमेरिकी संसद में समीक्षा के लिए भेजा गया है।

White House Correspondents Dinner: गोलीबारी के बाद दोबारा व्हाइट हाउस डिनर का आयोजन, ट्रंप बोले- शो जारी रहेगा



अमेरिका में अप्रैल महीने में गोलीबारी के बाद दोबारा आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'शो जारी रहना चाहिए'। कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित कार्यक्रम में प्रेस की स्वतंत्रता पर जोर दिया गया, जबकि मीडिया और ट्रंप प्रशासन के बढ़ते टकराव के साथ-साथ कार्यक्रम को लेकर उठी आलोचनाएं भी चर्चा का केंद्र रहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार रात व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर में हिस्सा लिया, जो अप्रैल में हुई गोलीबारी की घटना के बाद अब दोबारा आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रंप ने कहा, 'जैसा मैंने तीन महीने पहले कहा था, शो जारी रहना चाहिए'। यह कार्यक्रम वॉशिंगटन के वाल्डॉर्फ एस्टोरिया होटल में हुआ, जहां करीब 700 मेहमानों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मेहमानों को एक ही प्रवेश द्वार से अंदर लाया गया, जहां पहचान जांच, स्निफर डॉग, हथियारबंद सुरक्षा कर्मी और अन्य सख्त इंतजाम मौजूद थे। इस बार न तो रेड कार्पेट था और न ही पहले की तरह भव्य स्वागत समारोह।

हम डरने वाले नहीं हैं- वेइजिया जियांग

इस कार्यक्रम की शुरुआत व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन (WHCA) की अध्यक्ष और सीबीएस न्यूज की पत्रकार वेइजिया जियांग के संबोधन से हुई। उन्होंने अप्रैल की घटना को याद करते हुए कहा, 'हम वापस आ गए हैं। हम डरने वाले नहीं हैं और हिंसा को आखिरी शब्द नहीं बनने देंगे'। अप्रैल में आयोजित पहले डिनर के दौरान एक हमलावर ने सुरक्षा जांच चौकी पर हमला कर दिया था, जिससे कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई थी और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा था।

इस बार के कार्यक्रम में कुछ बदलाव भी किए गए। दो नए पुरस्कार जोड़े गए, एक सीक्रेट सर्विस एजेंट विक्टर गोंजालेस को, जिन्होंने हमले के दौरान बहादुरी दिखाई, और दूसरा उस होटल स्टाफ को, जहां पहली बार कार्यक्रम आयोजित हुआ था।

ट्रंप ने मीडिया पर कसा तंज

अपने संबोधन में ट्रंप ने माहौल हल्का रखने की कोशिश की, लेकिन मीडिया पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि यह 'ट्रंप डिरेंजमेंट सिंड्रोम वाले लोगों का सबसे बड़ा जमावड़ा' है। हालांकि, उन्होंने पहले से तैयार तीखे भाषण को छोड़कर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। इस आयोजन को लेकर आलोचनाएं भी सामने आई हैं। कुछ लोगों का मानना है कि पत्रकारों और नेताओं का इस तरह साथ आना प्रेस की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। पॉयन्टर इंस्टीट्यूट की मीडिया विशेषज्ञ केली मैकब्राइड ने कहा कि इससे जनता के बीच गलत संदेश जाता है कि पत्रकार और नेता आपस में करीबी हैं।

मीडिया-सरकार तनाव बरकरार

यह डिनर ऐसे समय में हुआ है जब ट्रंप प्रशासन और मीडिया के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल ही में सरकार ने कुछ पत्रकारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की कोशिश की थी, जिसे बाद में वापस लेना पड़ा। इस मुद्दे पर कई प्रेस संगठनों ने भी चिंता जताई है और व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन से सरकार के खिलाफ खुलकर बोलने की अपील की थी। व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन ने साफ किया कि इस डिनर का उद्देश्य एक स्वतंत्र प्रेस का जश्न मनाना है और यह दिखाना है कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका कितनी अहम है।

SpaceX: स्पेसएक्स ने स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की, पहली बार छोड़े इतने स्टारलिंक उपग्रह

पहले यह परीक्षण उड़ान पहले 16 जुलाई को इंजन की समस्या के कारण टल गई थी। इसके बाद ट्रॉपिकल स्टॉर्म बर्था के कारण गुरुवार को भी लॉन्च स्थगित करना पड़ा था। शुक्रवार को मौसम अनुकूल होने पर मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। इस मिशन में पहली बार कंपनी ने अपने सबसे उन्नत 20 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात किए। यह मिशन नासा के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि भविष्य में इसी स्टारशिप का इस्तेमाल आर्टेमिस-III मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के लिए किया जाना है।

हीट शील्ड का भी हुआ बड़ा परीक्षण

इस मिशन में छह नए स्टारलिंक उपग्रहों पर कैमरे लगाए गए थे, जिन्होंने उड़ान के अंत में स्टारशिप की हीट शील्ड की तस्वीरें भेजीं। वैज्ञानिकों ने हीट शील्ड पर सेंसर भी लगाए थे, ताकि पृथ्वी के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश के दौरान उस पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव और तापमान का अध्ययन किया जा सके। कुछ टाइलों को जानबूझकर सफेद रंग से रंगा गया था, ताकि यह जांचा जा सके कि कुछ टाइलें खराब होने की स्थिति में भी हीट शील्ड कितनी सुरक्षित रहती है। स्पेसएक्स की इंजीनियर केट टाइस ने इसे 'लकी फ्लाइट 13' बताते हुए कहा कि कंपनी इस मिशन के नतीजों से बेहद उत्साहित है।

407 फीट (124 मीटर) ऊंचे स्टारशिप ने टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित स्पेसएक्स के स्टारबेस लॉन्च साइट से उड़ान भरी। पिछले सप्ताह इंजन में आई तकनीकी समस्या के कारण लॉन्च अंतिम क्षणों में रोकना पड़ा था। इस बार उड़ान की शुरुआत सफल रही और सभी इंजन सही तरीके से चालू हुए। हालांकि, रॉकेट के पहले चरण (बूस्टर) की वापसी के दौरान सभी इंजन दोबारा चालू नहीं हो सके। इसके कारण बूस्टर नियंत्रित तरीके से लौटने के बजाय तेज गति से नीचे आया और मैक्सिको की खाड़ी में गिर गया। इसके बावजूद मिशन का मुख्य हिस्सा पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय महासागर में सुरक्षित उतरा स्टारशिप

बूस्टर से अलग होने के बाद स्टारशिप अंतरिक्ष की ओर बढ़ता रहा और लगभग 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक-एक करके 20 उन्नत स्टारलिंक उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ा। करीब एक घंटे की उड़ान के बाद स्टारशिप ने भारतीय महासागर में स्प्लैशडाउन किया। यह इतनी सफल रही कि यान कुछ समय तक पानी की सतह पर तैरता भी रहा। स्पेसएक्स के कर्मचारियों ने इस सफलता पर खुशी जताई।

लेजर तकनीक से किया संपर्क

नए लॉन्च किए गए स्टारलिंक उपग्रहों ने अंतरिक्ष में पहले से मौजूद स्टारलिंक उपग्रहों से लेजर तकनीक के जरिए सफल संपर्क स्थापित किया। फिलहाल स्पेसएक्स के 10,000 से अधिक स्टारलिंक उपग्रह दुनिया भर में इंटरनेट सेवा दे रहे हैं, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा उपग्रह नेटवर्क बन गया है।

नासा के लिए क्यों है अहम मिशन?

नासा चाहता है कि स्टारशिप जल्द पूरी तरह परीक्षण पूरा कर कक्षा में नियमित उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाए। इसके बाद आर्टेमिस-III मिशन के तहत तीन अमेरिकी और एक इतालवी अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की यात्रा से पहले अपने कैप्सूल को स्टारशिप से डॉकिंग का अभ्यास करेंगे। वहीं, एलन मस्क का सपना स्टारशिप के जरिए मंगल ग्रह पर मानव बस्ती बसाना है। मस्क पहले ही भविष्य में मंगल और चंद्रमा की पर्यटक यात्राओं की योजना की बात कर चुके हैं।

कुल्हड़ के दीवाने हो रहे युवा: लंदन से न्यूयॉर्क तक चाय-कॉफी के लिए बढ़ा चलन; पश्चिमी देशों में बढ़ी मांग

दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक कचरे के बीच भारत का पारंपरिक मिट्टी का कुल्हड़ पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोप के कई प्रीमियम कैफे भारतीय कुल्हड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि कनाडा में भारतीय प्रवासी मुफ्त चाय और भोजन बांटकर सेवा-भाव की मिसाल पेश कर रहे हैं। दुनियाभर में प्रतिवर्ष 500 अरब से अधिक सिंगल-यूज प्लास्टिक और माइक्रो-प्लास्टिक कोटेड पेपर कप कचरे के ढेर में तब्दील हो रहे हैं, जिन्हें गलने में सैकड़ों वर्ष लगते हैं। इस गंभीर पर्यावरण संकट के बीच अब ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोप के पर्यावरण-प्रेमी देशों को भारत की सदियों पुरानी परंपरा में एक बड़ा वैज्ञानिक समाधान नजर आया है। यह समाधान है मिट्टी का कुल्हड़। इसी के चलते पश्चिमी देशों के प्रीमियम कैफे में अब मिट्टी की सौंधी खुशबू महकने लगी है।

आखिर पश्चिमी देशों में कुल्हड़ की मांग क्यों बढ़ रही है?

ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर सख्ती के बाद अब लंदन, न्यूयॉर्क और पेरिस के कई मशहूर कैफे में चाय-कॉफी के लिए भारतीय परंपरा वाले मिट्टी के कुल्हड़ (क्ले कप) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ब्रिटेन के कई प्रीमियम कैफे तो बाकायदा भारत के उत्तर प्रदेश और राजस्थान के स्थानीय कुम्हारों से सीधे कुल्हड़ मंगाए जाने लगे हैं। विदेशी कैफे संचालकों का कहना है कि कुल्हड़ में जब गरमा-गरम चाय डाली जाती है, तो मिट्टी की सौंधी महक स्वाद को दोगुना कर देती है। इस्तेमाल के बाद इसे आसानी से मिट्टी में ही मिलाया जा सकता है।

प्रवासी भारतीयों का गरम लंगर जीत रहा दिल

कनाडा में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी और शून्य से 20-25 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान में सड़कों पर भारत का सेवा-भाव और गर्माहट चाय के रूप में बिखर रही है। टोरंटो और वैंकूवर जैसे शहरों में भारतीय प्रवासियों का मुफ्त कम्युनिटी लंगर और मोबाइल टी-वैन आज कनाडाई नागरिकों के लिए बड़ा सहारा बन हुए हैं। यहां की सर्दियों में ये प्रवासी सड़क पर रहने वाले बेघरों, सफाईकर्मियों और राहगीरों को गरमा-गरम देसी अदरक-इलायची वाली चाय, दाल-चावल और हलवा खिलाकर उनका दिल जीत रहे हैं।

युवा आखिर कुल्हड़ मॉडल के दीवाने क्यों हो रहे हैं?

सिंगल-यूज और माइक्रो-प्लास्टिक के उलट भारतीय कुल्हड़ 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल है। इस्तेमाल के बाद इसे फेंकने पर यह कुछ ही दिनों में वापस प्रकृति की मिट्टी में विलीन हो जाता है। मिट्टी की प्राकृतिक क्षारीयता चाय के अम्लीय (एसिडिक) प्रभाव को संतुलित करने में भी मदद करती है, जिससे पाचन बेहतर रहता है। पश्चिमी देशों में जीरो-वेस्ट लाइफस्टाइल अपनाने वाले युवा इस मॉडल के दीवाने हो रहे हैं और इसका चलन लगातार बढ़ता जा रहा है।

850 साल बाद आसमान में होगा चमत्कार: दो साल पहले ही फुल हुए होटल; आखिर 22 जुलाई 2028 को ऐसा क्या होने वाला है?

न्यूजीलैंड के डुनेडिन शहर में 22 जुलाई 2028 को 850 वर्षों बाद पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। इस ऐतिहासिक खगोलीय घटना को देखने के लिए दुनिया भर से हजारों पर्यटकों के आने की उम्मीद है। कई होटल दो साल पहले ही पूरी तरह बुक हो चुके हैं, जबकि पर्यटन कंपनियां विशेष ग्रहण पैकेज बेच रही हैं। यह न्यूजीलैंड में 1965 के बाद पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा।

अगर आप सोच रहे हैं कि दो साल बाद किसी खूबसूरत जगह छुट्टियां बिताने की योजना बनाएंगे, तो जरा ठहर जाइए। न्यूजीलैंड के डुनेडिन शहर में दो साल बाद होने वाले एक अद्भुत नजारे के लिए आज ही से जगह मिलना मुश्किल हो गया है। वजह कोई बड़ा कॉन्सर्ट या खेल मुकाबला नहीं, बल्कि आसमान में घटने वाली एक ऐसी दुर्लभ खगोलीय घटना है, जो इस इलाके में 850 से ज्यादा वर्षों बाद होने जा रही है। यही कारण है कि यहां के कई होटल मालिकों ने नई बुकिंग लेना बंद कर दिया है।

आखिर 22 जुलाई 2028 को ऐसा क्या होने वाला है?

यह ऐतिहासिक दिन 22 जुलाई 2028 होगा। दोपहर 4 बजकर 17 मिनट पर चंद्रमा, सूर्य के ठीक सामने आकर उसे पूरी तरह ढक लेगा। करीब 100 किलोमीटर चौड़ी पट्टी में फैला दक्षिणी न्यूजीलैंड का इलाका 2 मिनट 51 सेकेंड तक दिन के उजाले में अंधेरे में डूब जाएगा। इस करीब तीन मिनट के अद्भुत नजारे को देखने के लिए दुनिया भर से लगभग 35,000 पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। 1.30 लाख की आबादी वाले इस शांत शहर में अभी से होटलों की बुकिंग को लेकर जबरदस्त होड़ मची हुई है। डुनेडिन लेजर लॉज जैसे प्रमुख होटलों के सोलर एक्लिप्स पैकेज दो साल पहले ही पूरी तरह बुक हो चुके हैं।

क्या इंसानों ने डुनेडिन में पहले कभी ऐसा सूर्य ग्रहण देखा है?

तूहुरा ओटागो म्यूजियम के निदेशक और खगोलशास्त्री डॉ. इयान ग्रिफिन के अनुसार, डुनेडिन में इससे पहले ऐसा पूर्ण सूर्य ग्रहण 1163 में दिखाई दिया था। उस समय न्यूजीलैंड की धरती पर इंसानों के कदम भी नहीं पड़े थे। यानी 2028 में जब सूर्य और चंद्रमा का यह अनोखा संगम होगा, तब डुनेडिन के इतिहास में पहली बार इंसान अपनी आंखों से इस दुर्लभ खगोलीय घटना को देखेंगे। यह न्यूजीलैंड में 1965 के बाद पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण भी होगा।

कैसी हो रही तैयारियां?

शहर के म्यूजियम ने इस ऐतिहासिक पल के लिए काउंटडाउन क्लॉक शुरू कर दी है। कई पर्यटन कंपनियां सूर्य ग्रहण के नाम पर विशेष पैकेज बेच रही हैं। इसके लिए बड़े-बड़े मैदानों को लीज पर लेकर दर्शकों के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है। कुछ कंपनियां इस अनुभव के लिए 1,000 डॉलर तक शुल्क ले रही हैं।

क्या किसी ने ग्रहण देखने के लिए 15 साल पहले ही घर खरीद लिया था?

मशहूर खगोलशास्त्री डॉ. इयान ग्रिफिन का इस ग्रहण को लेकर जुनून अलग ही स्तर का है। उन्होंने बताया, 'मैंने 2013 में ही डुनेडिन में सिर्फ इसलिए घर खरीदा था, क्योंकि उसकी छत से 2028 के इस पूर्ण सूर्य ग्रहण का सबसे शानदार दृश्य दिखाई देगा।' शहर के म्यूजियम ने इस ऐतिहासिक पल के लिए काउंटडाउन क्लॉक शुरू कर दी है। कई पर्यटन कंपनियां सूर्य ग्रहण के नाम पर विशेष पैकेज बेच रही हैं।

Nabard Survey: ग्रामीण भारत की कमाई थमी: खर्च बढ़ा नाबार्ड सर्वे ने बढ़ाई चिंता, भविष्य को लेकर भी घटा भरोसा

नाबार्ड के जुलाई 2026 के सर्वे के अनुसार ग्रामीण भारत में आय वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ गई है। 52.6% परिवारों की आय पिछले एक वर्ष में नहीं बढ़ी, जबकि करीब 20% परिवारों की आमदनी घटी है। इसके बावजूद 74.1% परिवारों का घरेलू खर्च बढ़ा है और अधिकांश आय उपभोग पर खर्च हो रही है। वहीं, ग्रामीण परिवारों ने अगले एक वर्ष में महंगाई 5.8% रहने का अनुमान जताया है, जिससे भविष्य को लेकर उनकी चिंता भी बढ़ती दिख रही है। ग्रामीण भारत में आमदनी की रफ्तार कमजोर पड़ रही है और इसका असर बचत, रोजगार तथा भविष्य को लेकर परिवारों के भरोसे पर भी दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के जुलाई 2026 के सर्वे में देशभर के 20,000 ग्रामीण परिवारों से मिली प्रतिक्रियाओं में 52.6% ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उनकी आय नहीं बढ़ी, जबकि 19.8% परिवारों की आमदनी घट गई। केवल 27.7% परिवारों ने आय बढ़ने की बात कही, जो सितंबर 2024 में सर्वे शुरू होने के बाद सबसे कम है। इसके बावजूद घरेलू खर्च बढ़ा है और ग्रामीण परिवारों के उपभोग व्यय में भोजन की हिस्सेदारी सबसे अधिक बनी हुई है। अगले तीन महीनों में रोजगार की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद केवल 39.3% परिवारों ने जताई है। इसी अवधि में आय बढ़ने की संभावना देखने वाले परिवारों की हिस्सेदारी 41.2% रह गई, जो अब तक के सर्वे में सबसे कम है।

आमदनी नहीं बढ़ी, फिर भी खर्च क्यों बढ़ता जा रहा है

आय में कमजोरी के बावजूद ग्रामीण परिवारों के घरेलू खर्च में वृद्धि जारी है। सर्वे में 74.1% परिवारों ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उनका उपभोग व्यय बढ़ा है। औसतन ग्रामीण परिवार अपनी मासिक आय का 66.5% उपभोग पर खर्च कर रहे हैं। इसके मुकाबले 13.6% आय बचत में जाती है, जबकि 12.5% हिस्सा पुराने कर्ज की अदायगी में खर्च हो रहा है।

सर्वे के प्रमुख आंकड़े क्या बताते हैं

69.6% परिवारों को अगले एक साल में आय बढ़ने की उम्मीद है।
74.1% परिवारों का पिछले एक वर्ष में उपभोग खर्च बढ़ा है।
66.5% मासिक आय औसतन उपभोग पर खर्च होती है।
13.6% मासिक आय बचत में जाती है।
12.5% मासिक आय पुराने कर्ज की अदायगी में खर्च होती है।
23.6% परिवार केवल अनौपचारिक स्रोतों से कर्ज ले रहे हैं।
5.8% अगले एक वर्ष की औसत महंगाई दर का अनुमान लगाया गया है।
ग्रामीण परिवारों के बीच कीमतों को लेकर चिंता भी बढ़ी है। जुलाई 2026 के सर्वे में उत्तरदाताओं ने अगले एक वर्ष के दौरान औसत महंगाई दर 5.8% रहने का अनुमान लगाया है।

Gold Silver Price: सोने ने पकड़ी रफ्तार, 10 ग्राम 1.47 लाख रुपये के पार; चांदी भी चमकी

दिल्ली में सोने का भाव 800 रुपये बढ़कर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ। मजबूत स्थानीय मांग, वैश्विक रुझान और भू-राजनीतिक तनाव में कमी से सोने को समर्थन मिला। चांदी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। देश की राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतों में 800 रुपये का बड़ा उछाल देखा गया। मजबूत भौतिक मांग और वैश्विक रुझानों के चलते 10 ग्राम सोने का भाव 1.47 लाख रुपये के पार पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु का भाव 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। सोमवार को सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर और अपरिवर्तित रहा।घरेलू सर्राफा बाजार में कारोबारियों ने सोने में लगातार खरीदारी दर्ज की। वहीं, हालिया सुधार के बाद चांदी की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं आया और यह सपाट बनी रही।

सोने की कीमतों में उछाल क्यों आया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक, जिंस, सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों में यह वृद्धि अमेरिका-ईरान के नए राजनयिक प्रयासों के कारण हुई। इन राजनयिक प्रयासों से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई। इसने सर्राफा बाजार को मजबूत समर्थन प्रदान किया। गांधी ने आगे कहा कि चीन से मजबूत भौतिक मांग बनी हुई है। साथ ही, केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार खरीदारी भी जारी है। इन दोनों कारकों ने बहुमूल्य धातुओं को लगातार सहारा दिया है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 50.12 अमेरिकी डॉलर यानी 1.25 फीसदी बढ़कर 4,057.89 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी जिंस अनुसंधान, कायनात चैनवाला ने बताया कि हाजिर सोने की कीमतें मंगलवार को ऊपर चढ़ीं। यह 4,082 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे की गिरावट आई थी। इस गिरावट के बाद धातु ने अपनी खोई हुई जमीन वापस पाई है। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक बढ़कर 58.80 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख, प्रवीण सिंह के अनुसार, चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता से क्षेत्रीय तनाव कम होने की उम्मीद है।

Crude: कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल होने से अर्थव्यवस्था पर क्या असर? विशेषज्ञों ने जताई ये आशंका

विशेषज्ञों का कहना है, तेल की बढ़ी हुई कीमतों का असर घरेलू अर्थव्यवस्था पर व्यापक रूप से पड़ता है। इससे आयात बिल बढ़ने से चालू खाता घाटा (सीए) बढ़ सकता है, राजकोषीय घाटे के साथ रुपये पर दबाव बढ़ेगा। वहीं विदेशी पूंजी का आउटफ्लो बढ़ने की संभावना है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की वजह से कच्चे तेल कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई हैं। जिसकी वजह से भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी जरूरतों का लगभग 85 से 90 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। विशेषज्ञों का कहना है, तेल की बढ़ी हुई कीमतों का असर घरेलू अर्थव्यवस्था पर व्यापक रूप से पड़ता है। इससे आयात बिल बढ़ने से चालू खाता घाटा (सीए) बढ़ सकता है, राजकोषीय घाटे के साथ रुपये पर दबाव बढ़ेगा। वहीं विदेशी पूंजी का आउटफ्लो बढ़ने की संभावना है।

कंपनियों की आय में पर असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के हेड ऑफ रिसर्च विनोद नायर कहते हैं, आने वाले समय में मार्केट का सेंटीमेंट दबाव में रहने की संभावना है, क्योंकि तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुख्य मैक्रो-इकोनॉमिक इंडिकेटर्स और ग्रोथ की गति पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी नए सिरे से मुद्रास्फीति के दबाव का सामना करना पड़ सकता है, जिससे फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों को लंबे समय तक उच्च बनाए रखने या और अधिक वृद्धि पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इससे बॉन्ड यील्ड में वृद्धि होगी, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी बहिर्वाह का खतरा बढ़ जाएगा। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से कंपनियों की आय और शेयर बाजारों में निरंतर सुधार मुश्किल बना रह सकता है।कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान कहते हैं, अगर कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो महंगाई दर 5 प्रतिशत से 5.3 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जिससे कंपनियों की विनिर्माण, परिवहन और अन्य परिचालन लागत बढ़ सकती है, इससे उनके लाभ पर असर पड़ेगा, जिसका बोझ वे उत्पादों की कीमतों को बढ़ाकर उपभोक्ता पर डालेंगी।

महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने की चिंता

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से भारत की जीडीपी वृद्धि में 30 से 40 आधार अंकों की गिरावट आने की आशंका है। ईंधन की बढ़ती कीमतें मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाती हैं, जिससे केंद्रीय बैंक (आरबीआई) को ब्याज दरें बढ़ाने या उन्हें उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

बाजार को कोई राहत नहीं

एचडीएफसी के एमडी एवं सीईओ धीरज रैली कहते हैं, बाजार में स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है, कि आय में वृद्धि लगातार हो, सभी क्षेत्रों में भी भागीदारी बढ़े और संस्थानों से स्थिर तरलता के साथ स्थिर मुद्रास्फीति, ब्याज दरें और मुद्रा पर कम दबाव कच्चे तेल की कीमतों जैसे अनुकूल मैक्रो परिदृश्य तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में कमी आने से होती है। लेकिन वर्तमान में बाजार को इस मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिल रही है। वे कहते हैं, यदि कच्चे तेल कीमतों में यह वृद्धि अस्थाई है तो स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन आय आधारित तेजी, जो तेल कीमतों में सामान्य होने, ब्याज दरें में कटौती और खपत आधारित आय में वृद्धि पर आधारित है, तो उनकी परीक्षा तब होगी जब कच्चे तेल की कीमतें दूसरी या तीसरी तिमाही में 90 डॉलर के बीच स्तर पर बनी रहेंगी।जबकि भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर लगभग 6.25 हो सकती है। साथ ही चालू खाता घाटा बढ़कर 2.5 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जबकि रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 97 तक कमजोर हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें घरेलू पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी ।

लाल सागर और होर्मुज संकट, क्या भारत के पेट्रोल डीजल दाम फिर बढ़ेंगे? जानिए ताजा हालात के बारे में

होर्मुज के आसपास की बिगड़ती परिस्थितियों के बाद खाड़ी के तेल उत्पादक तेजी से लाल सागर की ओर मुड़ गए थे। इससे लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले तेल की मात्रा में भारी वृद्धि हुई। केपलर सिग्नल ओशन के आंकड़ों के अनुसार, हाल के हफ्तों में लाल सागर से तेल का प्रेषण औसतन लगभग 40 लाख बैरल प्रति दिन रहा है। जून में बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाली कुल पेट्रोलियम मात्रा 74 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गई थी। यह मात्रा वैश्विक तेल उत्पादन का सात फीसदी है। भारत का अधिकांश अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्ग पर निर्भर है। देश का 95 फीसदी व्यापार मात्रा के हिसाब से समुद्र के रास्ते होता है। मूल्य के हिसाब से भी लगभग 70 फीसदी व्यापार समुद्री परिवहन पर निर्भर करता है। भारत का लगभग आधा वस्तु निर्यात लाल सागर गलियारे से होता है। आयात के मोर्चे पर, लगभग 30 फीसदी व्यापार इसी मार्ग पर निर्भर है। यूरोपीय देशों के साथ भारत का 80 फीसदी व्यापार लाल सागर और स्वेज नहर से होता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तनाव बढ़ने के बाद खाड़ी के तेल उत्पादकों ने लाल सागर को प्राथमिकता दी। इससे लाल सागर गलियारे से तेल की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

ईरान की ओर से बाब अल-मंदेब जलमार्ग बंद करने की तैयारी से वैश्विक तेल व्यापार पर संकट गहराया है। जानें कैसे लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य का दोहरा व्यवधान भारत की अर्थव्यवस्था, निर्यात और ईंधन की कीमतों को प्रभावित कर सकता है।ईरान यमन के हूती विद्रोहियों के माध्यम से लाल सागर में बाब अल-मंदेब जलमार्ग बंद करने की तैयारी कर रहा है। यह कदम होर्मुज जलडमरूमध्य के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा व्यवधान पैदा कर सकता है। यदि ऐसा होता है, तो दुनिया के दो सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर एक साथ संकट आ जाएगा। ये मार्ग पश्चिम एशिया के ऊर्जा उत्पादकों को एशिया, यूरोप और अन्य देशों के ग्राहकों से जोड़ते हैं। केपलर सिग्नल ओशन के आंकड़ों के अनुसार, हाल के हफ्तों में लाल सागर से तेल का प्रेषण औसतन 40 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। जून में बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाली कुल पेट्रोलियम मात्रा 74 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गई। यह आंकड़ा वैश्विक तेल उत्पादन का सात फीसदी है।\।

The Bonus Market Update: शेयर बाजार में बिकवाली जारी; सेंसेक्स 700 अंक फिसला, निफ्टी 23700 के नीचे

शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 700 अंक से अधिक गिरकर 75,688 पर, जबकि निफ्टी 23,700 के नीचे आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने बाजार को दबाव में रखा। जानें वैश्विक बाजारों का हाल। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 703.04 अंक टूटकर 75,688.35 पर आ गया, जो 0.92 फीसदी का नुकसान है। निफ्टी भी 203.25 अंक गिरकर 23,666.35 पर आ गया। उतार-चढ़ाव के बीच सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर सेंसेक्स करीब 450 अंक के नुकसान में 75,940 अंक के करीब कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई निफ्टी लगभग 125 अंक के नुकसान में 23,745 अंक के पास कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 15 पैसे बढ़कर 96.58 पर पहुंच गया।बाजार को कंपनियों के तिमाही परिणामों से भी कोई खास मदद नहीं मिली। विश्लेषकों का मानना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें निकट भविष्य में घरेलू शेयर बाजारों पर भारी पड़ेंगी।

शुरुआती कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 512.07 अंक गिरकर 75,869.38 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 153 अंक गिरकर 23,713.60 पर पहुंच गया। सेंसेक्स पैक में से इंटरग्लोब एविएशन, इटरनल, भारती एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और ट्रेंट प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे।जून में समाप्त तीन महीनों के लिए इंडिगो द्वारा 238 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे की रिपोर्ट के बाद इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। ईंधन की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण देश की सबसे बड़ी एयरलाइन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इंटरग्लोब एविएशन, इंडिगो की मूल कंपनी है।आईटी सेवा कंपनी इंफोसिस के शेयरों में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, क्योंकि उसने लगातार जारी व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के बीच अपने पूरे वर्ष के राजस्व पूर्वानुमान के ऊपरी स्तर को 1.5 प्रतिशत और 3 प्रतिशत के बीच सीमित कर दिया था। एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और सन फार्मा विजेता रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत गिरकर 100.7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

Agriculture: किसानों को सीधे रियायती उर्वरक, 20 राज्यों के 40 जिलों में पायलट परियोजना शुरू

केंद्र सरकार ने किसानों को सीधे रियायती उर्वरक वितरण के लिए 20 राज्यों के 40 जिलों में एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। जानें कैसे किसान मोबाइल ऐप से उर्वरक पहले से बुक कर सकते हैं और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के तहत उन्हें क्या लाभ मिल रहे हैं। केंद्र सरकार ने किसानों को रियायती उर्वरक सीधे वितरित करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। यह पहल 20 राज्यों के 40 जिलों में चरणबद्ध तरीके से चल रही है। शुक्रवार को संसद को इसकी जानकारी दी गई। रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लिखित उत्तर में यह बताया। उर्वरक विभाग और कृषि और किसान कल्याण विभाग इस प्रायोगिक परियोजना को चला रहे हैं। प्रस्तावित प्रणाली के तहत किसान या उनके अधिकृत प्रतिनिधि मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। वे अपनी भूमि और फसल का विवरण प्रदान कर सकते हैं। साथ ही अपनी उर्वरक आवश्यकताओं को पहले से बुक कर सकते हैं।यह प्रायोगिक परियोजना 'उर्वरक बिक्री के लिए ढांचा' नाम से लागू की गई है। इसे अब तक 20 राज्यों के 40 जिलों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया है। चिह्नित 40 जिलों में पात्र किसानों को उर्वरक बेचे जा रहे हैं। यह बिक्री उनकी भूमि जोत और बोई गई फसल के आधार पर की जा रही है। राज्य के अधिकारी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) डैशबोर्ड पर खरीद संबंधी रिपोर्ट देख सकते हैं। यह प्रणाली निगरानी के लिए उपलब्ध है।उर्वरक विभाग ने देश भर में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली लागू की है। इसमें तेलंगाना भी शामिल है। इस प्रणाली के तहत रियायती उर्वरक किसानों को सस्ती कीमतों पर बेचे जाते हैं।

Salman Khan: सलमान ने दिया ट्रोलिंग का जवाब

जिम से फिट बॉडी की तस्वीर शेयर कर बोले जो डर गया वो मर गया

Salman Khan Photos: छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिट बॉडी की तस्वीरें शेयर करके एक क्रिप्टिक पोस्ट लिखी है। आइए जानते हैं क्या है क्या है पूरा मामला? छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सलमान खान चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया था। इसके एक दिन बाद उन्होंने एक दूसरी पोस्ट करके विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से घर लौटने की अपील की। इसके साथ उन्होंने सोनम वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की। इस पर सलमान खान को काफी ट्रोल किया गया कि एक दिन में ऐसा क्या हुआ कि उनके सुर बदल गए। इस पर सलमान खान ने पोस्ट शेयर करके जवाब दिया है। इंस्टाग्राम पर सलमान खान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि सलमान खान जिम क्लब में हैं। वह अपनी फिट बॉडी दिखा रहे हैं। उन्होंने अपने सिर पर सफेद तौलिया रखा हुआ है। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है 'सलमान खान डर गया...हम्म.. जो डर गया वो मर गया।' सलमान खान की इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'सलमान भाई आपका कोई तोड़ नहीं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'भाई आप तो हमारे शेर हो, 10000 कुत्ते ऐसे ही भौकेंगे।' एक और यूजर ने लिखा 'भाई से बच के।' एक और यूजर ने लिखा 'आपकी ये पोस्ट देखकर कई लोग डर गए होंगे।' आपको बता दें कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले पर छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी की अगुवाई में हो रहे इस प्रदर्शन का कई सेलेब्स ने समर्थन किया है। विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने वाले सेलेब्स में शबाना आजमी, आयशा खान, सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा, नसीरुद्दीन शाह और दीया मिर्जा जैसे कई सेलेब्स शामिल हैं। सामने आई तस्वीर में सलमान खान का यह अंदाज इस बात की गवाही देता है कि बढ़ती उम्र का उनकी फिटनेस पर कोई असर नहीं पड़ा है। 50 के दशक को पार कर चुके अभिनेता की यह डेडिकेशन आज की युवा पीढ़ी और उनके फैंस के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। तस्वीर सामने आने के कुछ ही मिनटों and भीतर यह सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड करने लगी। इस तस्वीर के साथ सलमान खान ने जो कैप्शन लिखा है, उसने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी है। अभिनेता ने अपनी इस एनर्जेटिक फोटो के साथ लिखा— 'जो डर गया वो मर गया'। सोशल मीडिया यूजर्स और उनके फैंस इस लाइन को सीधे तौर पर ट्रोलर्स और नेगेटिविटी फैलाने वालों के लिए एक खुला संदेश मान रहे हैं। सलमान का यह स्वैग साबित करता है कि वह आलोचनाओं से डरने वाले नहीं, बल्कि उनका डटकर मुकाबला करने में विश्वास रखते हैं। सलमान खान की इस पोस्ट पर उनके फैंस का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिल रहा है। कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी फिटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कोई उन्हें 'असली टाइगर' बता रहा है, तो कोई उनके इस एटीट्यूड को सबसे बेस्ट मान रहा है। यह साफ है कि एक बार फिर सलमान खान ने अपने इस धमाकेदार कमबैक से आलोचकों का मुंह हमेशा के लिए बंद कर दिया है। अपनी फिल्मों और फिटनेस को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने सोशल मीडिया पर आलोचकों को अपने ही अंदाज में शांत कर दिया है। हाल ही में मिल रही ट्रोलिंग के बीच सलमान ने जिम से अपनी एक शर्टलेस और फिट बॉडी की तस्वीर साझा की है। सामने आई इस तस्वीर में सलमान खान का एनर्जेटिक और टोंड फिजीक साफ नजर आ रहा है। 50 की उम्र पार करने के बावजूद उनकी यह फिटनेस युवा कलाकारों के लिए भी प्रेरणा बनी हुई है। पोस्ट सामने आते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। कई यूजर्स का मानना है कि यह कैप्शन सीधे तौर पर उन्हें ट्रोल करने वालों के लिए एक खुला संदेश है।

Jana Nayagan Box Office Collection Day 2

दो दिनों में 50 करोड़ पार हुई 'जन नायकन' जानें शनिवार की कमाई

Jana Nayagan Box Office Collection: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। आइए जानते हैं फिल्म ने दूसरे दिन कितना कलेक्शन किया है? तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता की विजय की फिल्म 'जन नायकन' आखिरकार शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। पहले दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। दूसरे दिन भी फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह देखा गया। आइए जानते हैं कि शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला या नहीं? खबर लिखे जाने तक फिल्म 'जन नायकन' ने शनिवार यानी दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 11.72 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। देर रात इन आंकड़ों में इजाफा हो सकता है। पहले दिन इस फिल्म ने 42.70 करोड़ रुपये की दमदार कमाई की थी। फिल्म की अब तक कुल कमाई 54.42 करोड़ रुपये हो गई है

फिल्म 'जन नायकन' कई भाषाओं में रिलीज हुई है। पहले दिन की तरह, इसने सबसे ज्यादा कमाई तमिल भाषा में ही की है। दूसरी भाषाओं में इसने लगभग दो करोड़ रुपये कमाए हैं। यहां जानें फिल्म ने किस भाषा में कितना कमाया? इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं। हालांकि सबसे अच्छा कलेक्शन 'जन नायकन' का ही है। उम्मीद है कि यह फिल्म अभी कुछ दिन सिनेमाघरों में टिकेगी। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' ने आज 3.88 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं 'धमाल 4' ने 1.39 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म 'जन नायकन' में थलापति विजय के अलावा बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और ममिता बैजू समेत कई कलाकार नजर आए। फिल्म में दिखाया गया है कि एक अपराधी (बॉबी देओल) विजि (ममिता बैजू) का अपहरण कर लेता है। टीवीके (विजय) उसे छुड़ाने जाता है। इसके बाद कहनी में ट्विस्ट आता है। दो दिनों में ही इस फिल्म 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है। हालांकि सबसे अच्छा कलेक्शन 'जन नायकन' का ही है। उम्मीद है

खेसारी को नहीं पहचान पाईं मलाइका बोलीं- 'कौन है ये? घिनौनी हरकत है' अब भोजपुरी स्टार के फैंस कर रहे ट्रोल

Malaika Arora On Khesari Lal Yadav: मलाइका अरोड़ा ने भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के एक वायरल वीडियो पर रिएक्शन दिया। हैरानी की बात यह है कि पहले तो मलाइका, खेसारी को पहचान नहीं पाईं ऊपर से उन्होंने एक्टर की जमकर क्लास भी लगा दी। जानें क्या है मामला? भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का हाल ही में एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो को देखकर मलाइका अरोड़ा ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने खेसारी को जाने बगैर ही उनकी जमकर क्लास लगाई। जानें आखिरी क्या बोलीं मलाइका? वायरल वीडियो में खेसारी लाल यादव किसी इवेंट में रेड कारपेट पर फोटो क्लिक करवाते नजर आ रहे हैं। इसी बीच रेड कारपेट पर एक डॉग आकर बैठ जाता है, जिसे खेसारी के कहने के बाद खींचकर वहां से हटा दिया जाता है। जैसे ही यह वीडियो वायरल मलाइका तक पहुंचा उन्होंने जमकर क्लास लगा दी। मलाइका ने वीडियो शेयर करते हुए खेसारी की इस हरकत को 'बहुत घटिया' बताया।

मलाइका ने वीडियो शेयर करते हुए खेसारी की इस हरकत की आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'यह आखिर कैसे लोग हैं? और ये आदमी कौन है जो खड़ा होकर पोज दे रहा है? बहुत ही घिनौनी हरकत है।' अब मलाइका के यह कमेंट करने पर खेसारी के फैंस मलाइका को ट्रोल कर रहे हैं। वो उनके इंस्टाग्राम अकाउंट की अन्य पोस्ट पर अपनी हाजिरी दे रहे हैं और खेसारी को पहचान ना पाने के लिए मलाइका के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।खेसारी लाल यादव बीते दिनों एक इवेंट में शिरकत करने पहुंचे थे। जहां पैप्स उन्हें कवर करने खड़े हुए थे। मगर जहां उन्हें खड़े होकर पोज देना था। वहां एक डॉग पहले से मौजूद था जिसे देखकर खेसारी कुछ असहज हो गए। इसके बाद उन्होंने उसे वहां से हटाने को कहा। इसके बाद वहां मौजूद एक महिला उस डॉग को घसीटते हुए वहां से ले गई। न्होंने खेसारी को जाने बगैर ही उनकी जमकर क्लास लगाई। जानें आखिरी क्या बोलीं मलाइका?

SRK on protest: सलमान के खिलाफ बोले शाहरुख?

छात्रों से कहा- 'हटने की जरूरत नहीं डटे रहो

Shah Rukh Khan: दावा किया जा रहा है कि सलमान खान के बाद सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर ट्वीट किया है। दावा यह भी है कि उन्होंने छात्रों से डटे रहने की अपील की है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी प्रोटेस्ट पर कई कलाकारों ने प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने छात्रों से घर वापस लौटने और सोनम वांगचुक से अनशन तोड़ने की अपील की थी। अब दावा किया जा रहा है कि सलमान के इसी ट्वीट पर जवाब देते हुए शाहरुख खान ने भी ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने छात्रों से प्रदर्शन पर डटे रहने की अपील की है। वायरल हो रही पोस्ट में लिखा है, 'जब लड़ाई हमारे अधिकारों के लिए हो, तो चुप रहना समझदारी नहीं है। बल्कि शांति से डटे रहना ही समझदारी है। जब तक भरोसा फिर से कायम न हो जाए, तब तक रुकें नहीं। यह लड़ाई कभी भी अतीत या वर्तमान के बारे में नहीं थी। यह भविष्य को सुरक्षित रखने के बारे में है। दोस्तों, किसी कीमत पर रुकना नहीं है।'

वायरल हो रहे ट्वीट की सत्यता जानने के लिए जब हम शाहरुख खान के आधिकारिक एक्स हैंडल पर गए, तो वहां पर इस तरह कोई ट्वीट नजर नहीं आया। गौर से देखे पर पता चला कि यह शाहरुख खान का ट्वीट ही नहीं है। बल्कि यह हूबहू शाहरुख की डीपी और लगभग वैसा ही यूजरनेम इस्तेमाल कर रहे है फैन का पेज है। आपको बता दें कि शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' में बिजी हैं। यह फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

Box Office: 100 करोड़ क्लब से कुछ ही दूर 'द ओडिसी' शुक्रवार को 'धमाल 4' ने भी पकड़ी रफ्तार

The Odyssey Box Office Collection: जहां एक तरफ बॉक्स ऑफिस पर नई रिलीज हुई फिल्म 'जन नायकन' का जलवा है। वहीं सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में 'द ओडिसी' और 'धमाल 4' ने आज शुक्रवार को अच्छा कलेक्शन किया है।

सिनेमाघरों में 23 जुलाई को 'जन नायकन' रिलीज हुई है। इस फिल्म के रिलीज होने से बॉक्स ऑफिस पर बाकी फिल्मों के कलेक्शन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' का कलेक्शन मामूली तौर से बढ़ा है। वहीं 'धमाल 4' का 15वें दिन कलेक्शन बढ़ा है। आइए जानते हैं दोनों फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है? सैकनिल्क से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक फिल्म 'द ओडिसी' ने आठवें दिन खबर लिखे जाने तक 6.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसका कुल कलेक्शन 97.15 करोड़ रुपये हो गया है। शुरुआत में फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। वीकएंड के बाद इसका कलेक्शन घटा है। इसके बावजूद फिल्म ठीक ठाक कलेक्शन कर रही है। 'धमाल 4' ने आज तीसरे शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। देर रात इन आंकड़ों में इजाफा हो सकता है। फिल्म का कुल कलेक्शन 139.15 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का बजट 150 से 200 करोड़ रुपये है। इस लिहाज से इसने ठीक-ठाक कलेक्शन कर लिया है। पहले हफ्ते में 'धमाल 4' ने 96 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे हफ्ते में इसने 40.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। तीसरे शुक्रवार को इसने 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है

Riya Ahir पीएम मोदी के बयान पर वायरल मॉडल का आया रिएक्शन रिया अहीर बोलीं- 'मांगे सुनी गईं पर काम बाकी है'

Rhiya Ahir On Pm Modi: मुंबई में नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान वायरल हुई मॉडल रिया अहीर ने पीएम मोदी के अश्वासन और सोनम वांगचुक के अनशन पर काफी कुछ कहा। जानें क्या बोलीं रिया? नीट पेपर लीक मामले में देशभर में प्रदर्शन जारी है। इसी बीच मुंबई में हुए प्रदर्शन के दौरान मॉडल रिया अहीर पुलिस वैन को रोकने के लिए उसके सामने खड़ी हो गईं और उनकी यह तस्वीर वायरल हो गई। शुक्रवार को एएनआई से बातचीत में रिया ने पेपर लीक मामले पर बात की। साथ ही अपनी वायरल हुई तस्वीर पर भी काफी कुछ कहा।रिया अहीर मुंबई में नीट पेपर लीक मामले में प्रदर्शन के चहरे के रूप में उभरी हैं। एएनआई से बातचीत में पीएम मोदी के बयान पर रिया ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री से सहमत हूं, उनके (नीट पेपर लीक करने वालों) खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और यही मांगें थीं।' रिया ने आगे कहा, 'इन घोषणाओं के साथ ठोस एक्शन भी लिए जाने चाहिए। मांग सुनी जा रही है, यह बहुत अच्छी बात है। मगर कहना एक बात है और होना एक बात। 2024 के लीक का कथित मास्टरमाइंड जमानत पर रिहा हो गया और आरोपों से बरी हो गया।

रिया अहीर ने सोनम वांगचुक के विरोध प्रदर्शन पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'उपवास करना और अपनी मांगों पर अड़े रहना दो अलग-अलग बातें हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने अपना उपवास तोड़ दिया है, लेकिन मुझे पता है कि वे अपनी मांगों पर डटे रहेंगे।' इसके साथ ही उन्होंने सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत को अच्छा बताया। उन्होंने कहा, 'इतने अधिक लोग इस बातचीत में शामिल हो रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है लेकिन बातचीत से कुछ परिणाम निकलना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि यह सार्थक होगा।' इसके अलावा रिया ने अपनी तस्वीर वायरल होने पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने उस वक्त किसी और के बारे में नहीं सोचा। मैं सिर्फ वैन में मौजूद लोगों के बारे में सोच रही थी।' रिया अहीर एक 27 वर्षीय मुंबई बेस्ड मॉडल हैं। वह हाल ही में मुंबई में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पहुंची थीं रिया के इंस्टाग्राम पर करीब एक लाख फॉलोअर्स हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। इससे पहले वह कुछ म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने 'दिलबरा' गाने पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जो उनके फॉलोअर्स ने काफी पसंद किया था। 'मैंने उस वक्त किसी और के बारे में नहीं सोचा। मैं सिर्फ वैन में मौजूद लोगों के बारे में सोच रही थी।'

Aaj Ka Rashifal 19 July

इन चार राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहेगा दिन किस्मत का मिलेगा पूरा साथ

Rashifal 25 July 2026: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।

Rashifal 25 July 2026: 25 जुलाई का दिन कुछ राशि के जातकों के लिए करियर और आर्थिक मामलों में नई संभावनाएं लेकर आ सकता है, वहीं कुछ लोगों समझदारी से फैसले लेने की आवश्यकता रहेगी। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक सभी 12 राशियों का दैनिक राशिफल।

आज कुछ नया सोचने और उसे करने का जुनून रहेगा। काम का बोझ जरूर बढ़ेगा, लेकिन आपकी मेहनत आपको पीछे नहीं हटने देगी। नौकरी बदलने वालों के लिए किस्मत मुस्कुरा रही है और प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले भी आपके पक्ष में जा सकते हैं। किसी सहकर्मी की बात दिल को चुभ सकती है,

मेष

आज कुछ नया सोचने और उसे करने का जुनून रहेगा। काम का बोझ जरूर बढ़ेगा, लेकिन आपकी मेहनत आपको पीछे नहीं हटने देगी। नौकरी बदलने वालों के लिए किस्मत मुस्कुरा रही है और प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले भी आपके पक्ष में जा सकते हैं। किसी सहकर्मी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन आप उसे नजरअंदाज करना ही बेहतर समझेंगे। वहीं, अविवाहित लोगों के जीवन में किसी खास की एंट्री दिल की धड़कनें बढ़ा सकती है।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए राहत और खुशियों की सौगात लेकर आया है। खर्चों पर कंट्रोल रखेंगे तो मन भी हल्का रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को पहचान और सम्मान मिल सकता है। आपकी मेहनत और काम करने का तरीका बॉस को प्रभावित करेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए नए रास्ते खोल सकती है। जीवनसाथी के साथ चल रही खटास भी आज प्यार में बदलती नजर आएगी।

मिथुन

आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। सामाजिक कार्यों में आपकी पहचान बढ़ेगी और बड़े लोगों से मिलने का मौका भी मिल सकता है। लेकिन ध्यान रखें, आपके आसपास कुछ लोग आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें। घर के अधूरे कामों को नजरअंदाज करना आगे परेशानी खड़ी कर सकता है। परिवार में किसी सदस्य के बाहर जाने की खबर भावुक कर सकती है।

कर्क

आज आप ऊर्जा से भरपूर नजर आएंगे और आपकी समझदारी हर काम को आसान बना देगी। भगवान की भक्ति में मन लगेगा और दिल को सुकून मिलेगा। बिजनेस में आपकी सोच आपको आगे बढ़ाएगी और नया काम शुरू करने का साहस भी आएगा। विद्यार्थियों के लिए मेहनत ही सफलता की कुंजी बनेगी। संतान की ओर से मिलने वाली खुशखबरी आपका दिन बना देगी।

कन्या

आज निवेश से जुड़े फैसले आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। काम के सिलसिले में यात्रा भी करनी पड़ सकती है, जो आगे चलकर लाभ देगी। सेहत को हल्के में लेना ठीक नहीं होगा। भाई-बहनों के साथ समय बिताना खुशी देगा और किसी दूर के रिश्तेदार से मुलाकात दिल को सुकून देगी। माता-पिता की सेवा करने का अवसर मिलेगा और कोई रुकी हुई डील आखिरकार पूरी हो सकती है।

सिंह

आज आपका आत्मविश्वास आसमान छूता नजर आएगा, खासकर बिजनेस में आपकी योजनाएं आपको शानदार लाभ दिला सकती हैं। घर में किसी मेहमान के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आपकी व्यस्तता भी बढ़ेगी। अपनी दिनचर्या को सुधारने की जरूरत महसूस होगी। काम को टालने की आदत आपको थोड़ा पीछे खींच सकती है, इसलिए सावधान रहें। घूमने-फिरने की योजना दिल को ताजगी दे सकती है।

तुला

आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी और व्यापार में नई साझेदारी का रास्ता खुल सकता है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए दरवाजे खुलेंगे। नई मुलाकातें आपके जीवन में ताजगी लाएंगी। दूर से मिलने वाली कोई खुशखबरी दिल को खुश कर देगी। दिया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है और नौकरी में प्रमोशन की खबर भी आपको उत्साहित कर सकती है।

वृश्चिक

आज आपका दिन सफलता और संतोष से भरा रहेगा। उन्नति की राह पर आप तेजी से आगे बढ़ेंगे और धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। आपने जो वादे किए हैं, उन्हें निभाने का समय आ गया है। आपका भला सोचने वाला दिल हर किसी के लिए अच्छा करेगा, भले ही लोग उसे समझ न पाएं। सेहत भी आपका साथ देगी और किसी जरूरतमंद की मदद करने से मन को सच्ची खुशी मिलेगी।

धनु

आज काम के क्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और बॉस के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी और जीवनसाथी को दी गई सलाह उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। आपकी लगन आपको एक नई ऊंचाई तक पहुंचाएगी। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार में रिश्तों की मिठास बढ़ेगी, हालांकि किसी की बात दिल को लग सकती है।

मकर

आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है, क्योंकि जल्दबाजी आपको परेशानी में डाल सकती है। बिजनेस में बदलाव करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कठिन परिस्थितियों में धैर्य ही आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगा। मदद मांगने पर आपको सहयोग जरूर मिलेगा, लेकिन कोई काम बनते-बनते बिगड़ सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

कुंभ

आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपको अपने भावनाओं पर काबू रखना होगा। किस्मत आपका साथ देगी, लेकिन आलस्य आपको पीछे खींच सकता है। सिंगल लोगों के जीवन में प्यार की दस्तक हो सकती है। आप अपने लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी, बस उनकी कमियों पर ध्यान देने से बचें।

मीन

आज सेहत आपका पूरा साथ देगी और पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। हालांकि कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। कुछ नया करने की चाह आपके अंदर जोश भर देगी। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। लिया हुआ कर्ज वापस मांगने की स्थिति बन सकती है, इसलिए तैयार रहें। सरकारी कामों को समय पर निपटाने की आपकी कोशिश सफल होगी।

Aaj Ka Love Rashifal

इन 5 राशि वालों की लव लाइफ रहेगी खास साथी के साथ घूमने का मिलेगा मौका

Love Rashifal: आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का 25 जुलाई 2026 का लव राशिफल।

मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope)

आज आपकी लव लाइफ में रोमांस की बहार रहेगी। रिश्तों में प्यार, अपनापन और खुशियां बढ़ेंगी। पार्टनर आपके साथ यादगार और रोमांटिक पल बिताने की पूरी कोशिश करेगा।

वृष लव राशिफल (Taurus Love Horoscope)

आज का दिन रिश्तों में नई खुशियां लेकर आएगा। आपसी विश्वास और समझ पहले से अधिक मजबूत होगी, जिससे आपका रिश्ता नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। आपकी क्रश के साथ भी दोस्ती कुछ कदम आगे बढ़ेगी।

मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope)

विवाह योग्य लोगों को मनचाहा जीवनसाथी मिलने के संकेत हैं। प्रेम संबंधों में किए गए प्रयास सफल होंगे। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज प्यार के मामले में किस्मत आपका साथ देगी। आप साथी के लिए उपहार भी लेकर आ सकते हैं।

कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope)

आज धन लाभ के साथ-साथ रिश्तों में भी मजबूती आएगी। पार्टनर के साथ विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव पहले से कहीं अधिक गहरा होगा। इसके अलावा पुरानी बातों को लेकर चल रही गलतफहमियां भी दूर होती आपको नजर आएगी।

सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope)

आज आपकी लव लाइफ सबसे शानदार रहने वाली है। प्रेम संबंधों में रोमांस और खुशियां भरपूर रहेंगी। वहीं, सिंगल लोग दोस्तों के साथ शानदार समय बिताकर नई यादें बना सकते हैं। क्रश भी बात करने सामने से आ सकता है।

कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope)

सिंगल लोगों को अपने क्रश से मनचाही प्रतिक्रिया न मिलने से थोड़ी निराशा हो सकती है। हालांकि, शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन खुशियों और आपसी तालमेल से भरपूर रहेगा। दिन कुल मिलाकर रोमांटिक भी रहने वाला है

तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope)

आज का दिन प्यार, रोमांस और मधुरता से भरा रहेगा। जो लोग रिलेशनशिप में हैं, वे अपने रिश्ते में नई ऊर्जा और ताजगी लाने की कोशिश करेंगे। परिवार के लिए कोई वस्तु खरीद के भी ला सकते हैं, जिससे आसपास खुशियों का माहौल रहेगा।

वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope)

सिंगल लोगों की कार्यस्थल पर किसी खास व्यक्ति से नजदीकियां बढ़ सकती हैं। यह दोस्ती भविष्य में खूबसूरत रिश्ते का रूप ले सकती है। पार्टी में किसी खास से बात हो सकती है।

धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope)

धनि राशि वालों को सभी का साथ मिलने वाला है। आज आप अपने प्रिय के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। साथ बिताया गया समय रिश्ते को और मजबूत करेगा। यह समय दिल की बातों को खुलकर कहने का मौका है।

मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope)

आज आप अपने दिल की बात बिना किसी झिझक के व्यक्त कर पाएंगे। आपके सितारे बता रहे हैं कि, परिणाम पक्ष में आ सकता है। आपकी ईमानदारी पार्टनर का दिल जीत लेंगी।

Shani Gochar

30 साल बाद मेष में शनि का प्रवेश करियर और धन में इन राशियों को मिलेगा बड़ा फायदा

Mesh Rashi Me Shani Ka Gochar: 3 जून 2027 को शनि देव मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जो मंगल की राशि है। इसका प्रभाव हर राशि पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं किन राशियों को इस परिवर्तन से विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

Shani Transit In Mesh Rashi: वैदिक ज्योतिष में शनि को कर्मों का फल देने वाला ग्रह माना जाता है, इसलिए इसका गोचर बेहद अहम होता है। वर्तमान में शनि मीन राशि में स्थित हैं, लेकिन 3 जून 2027 को वे मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जो मंगल की राशि है। खास बात यह है कि लगभग 30 वर्षों बाद शनि इस राशि में कदम रखने जा रहे हैं। मेष शनि की नीच राशि मानी जाती है, इसलिए इसका प्रभाव हर राशि पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। जहां कुछ राशियों के लिए यह समय चुनौतियां लेकर आ सकता है, वहीं कुछ लोगों के लिए यह गोचर नए अवसर और प्रगति के द्वार खोलेगा। आइए जानते हैं किन राशियों को इस परिवर्तन से विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

मिथुन राशि (Gemini)

मिथुन राशि के जातकों के लिए शनि का यह परिवर्तन सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं और अचानक धन लाभ के योग बनेंगे। पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। नौकरी करने वालों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर लाभकारी साबित होंगी। व्यापारियों को नई डील्स और पार्टनरशिप से फायदा होगा। विदेश यात्रा या विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है।

सिंह राशि (Leo)

सिंह राशि वालों के लिए यह गोचर आर्थिक और पेशेवर जीवन में सुधार लाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी और आपकी छवि मजबूत बनेगी। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

IND vs ZIM Playing 11

जीत की पटरी पर लौटने के बाद क्या बदलाव करेगा भारत वैभव सूर्यवंशी पर होंगी निगाहें

India vs Zimbabwe T20 Playing 11 Prediction: कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत दूसरे टी20 मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगा। इसके साथ ही टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। पहला मैच 7 विकेट से आसानी से जीतने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम मैनेजमेंट विनिंग कांबिनेशन के साथ ही उतरना चाहेगा। हालांकि, टीम में एक बदलाव की संभावना पर विचार किया जा सकता है: ओपनिंग कॉम्बिनेशन में बदलाव: पहले मैच में अभिषेक शर्मा सस्ते में आउट हो गए थे और मैच के दौरान वे कुछ समय के लिए फील्ड से भी बाहर रहे थे। ऐसे में यदि वर्कलोड मैनेजमेंट या एहतियात के तौर पर बदलाव होता है, तो प्रभसिमरन सिंह को मौका मिल सकता है, जिससे वैभव सूर्यवंशी के साथ एक नया ओपनिंग संयोजन देखने को मिल सकता है। गेंदबाजी क्रम: मयंक यादव, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई और अशोक शर्मा ने पिछले मैच में बेहतरीन गेंदबाजी का मुज़ाहिरा किया था, इसलिए गेंदबाजी आक्रमण में किसी बदलाव की उम्मीद कम ही है। श्रृंखला के पहले टी20 मैच में 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अपने आक्रामक खेल से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उन्होंने हरारे के मैदान पर महज़ 19 गेंदों पर 50 रन (4 चौके और 4 छक्के) की विस्फोटक पारी खेलकर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में अर्धशतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद आज के मुकाबले में एक बार फिर फैंस की निगाहें इस युवा ओपनर पर टिकी होंगी कि वह अपनी इस फॉर्म को कैसे आगे बढ़ाते हैं।

प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना?

पहले मैच में टीम का प्रदर्शन हर डिपार्टमेंट में शानदार रहा था। गेंदबाजी में मयंक यादव और प्रिंस यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट झटके थे, जिसके दम पर जिम्बाब्वे की टीम को सिर्फ 125 रनों पर समेट दिया गया था।

England Cricket: बेन स्टोक्स की जगह कौन बन सकता है

इंग्लैंड का अगला टेस्ट कप्तान? इस बल्लेबाज का नाम दौड़ में

बेन स्टोक्स के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड को टेस्ट टीम के कप्तान की तलाश है। रिपोर्ट के अनुसार, ईसीबी अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पर ही दोबारा दांव खेल सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। स्टोक्स के संन्यास के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को टेस्ट टीम के लिए नए कप्तान की तलाश थी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ये तलाश जो रूट खत्म करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईसीबी एक बार फिर से टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान बना सकती है।

रूट की जगह ही स्टोक्स को मिली थी कमान

मालूम हो कि रूट के 2022 में टेस्ट टीम की कमान छोड़ने के बाद ही स्टोक्स को कप्तान बनाया गया था। वक्त का पहिया एक बार फिर से घूमता हुआ दिख रहा है और इस बार स्टोक्स के संन्यास की वजह से रूट दोबारा कप्तान बनने को तैयार दिख रहे हैं। रूट को अगले महिला पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। रूट के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज 2027 तक कप्तान बने रहने की संभावना है। रूट ने स्टोक्स की गैरमौजूगी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की कप्तानी की थी। रूट पूर्व में 2017 से 2022 के बीच 64 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की थी, जिसमें 27 मैचों में टीम को जीत मिली थी। ईसीबी के इस कदम से मौजूदा टेस्ट उप-कप्तान हैरी ब्रूक को तीनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी लेने के बजाय इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीमों पर बतौर कप्तान फोकस करने का मौका मिलेगा। ब्रूक, रूट के साथ टेस्ट टीम में उपकप्तान की भूमिका निभाते हुए थोड़ा अनुभव भी हासिल कर लेंगे। ईसीबी पहले ही ब्रूक को वनडे और टी20 का कप्तान और टेस्ट का उपकप्तान बना चुकी है। रूट को अगले महिला पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। और इस बार स्टोक्स के संन्यास की वजह से रूट दोबारा कप्तान बनने को तैयार दिख रहे हैं।

Asian Games: क्वार्टर फाइनल से अभियान की शुरुआत करेंगे भारत-पाकिस्तान जानें एशियाड में क्रिकेट का कार्यक्रम

भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना दम दिखाने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम को पाकिस्तान की तरह सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष तथा महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है। भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। **सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान**

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच एक अक्तूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलयेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारूप में खेली जाएंगी।

श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था। श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल*

IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।

ICC Player of the Month: आईसीसी ने किया जून के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एलान किन प्लेयर्स ने जीते अवॉर्ड?



आईसीसी ने जून 2026 के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स का एलान करते हुए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने क्रमशः इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और महिला टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जून 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड में रचा इतिहास

27 वर्षीय नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाई। टीम के कई प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद स्मिथ ने नई गेंद से जिम्मेदारी संभाली और पूरी सीरीज में 23 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पीछे छोड़ा।

लॉर्ड्स टेस्ट में किया यादगार प्रदर्शन

स्मिथ का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहले टेस्ट में लॉर्ड्स पर देखने को मिला, जहां उन्होंने दूसरी पारी में 6/70 विकेट लेकर मैच में कुल नौ विकेट झटके। दूसरे टेस्ट में उन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं निर्णायक तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 4/91 और दूसरी पारी में दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। अवार्ड मिलने पर स्मिथ ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद खास है, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा टीम की जीत में योगदान देना रही है।

महिला वर्ग में इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार अपने नाम किया। नवंबर 2024 के बाद यह दूसरा मौका है जब उन्हें आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है उन्होंने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया।।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

**R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com**

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300